भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 93
22 नवम्बर, 2011 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

डेंगू के प्रकोप से बचने के लिए उपाय

93. **श्री मोती लाल वोराः**
श्री सत्यव्रत चतुर्वेदीः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2011 में डेंगू की रोकथाम के लिए सरकार ने क्या कदम उठाये हैं;

(ख) अब तक डेंगू के कुल कितने मामले सरकार के संज्ञान में आये हैं और अब तक कितने मरीजों की मृत्यु हो चुकी है;

(ग) गत वर्ष डेंगू के कितने मामले सरकार के संज्ञान में आये थे और कितने मरीजों की मौत हुई थी; और

(घ) भविष्य में डेंगू की रोकथाम के लिए जनता का योगदान लेने और उन्हें इसके बारे में जानकारी देने के उद्देश्य से, सरकार क्या कदम उठाने का इरादा रखती है?

उ त्त र

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री सुदीप बन्द्धोपाध्याय)

(क): भारत सरकार ने डेंगू की रोकथाम के लिए वर्ष 2011 में निम्नलिखित कदम उठाए हैं:-

i. डेंगू एवं चिकनगुनिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए मध्यावधि योजना (2011-2013) तैयार की गई है।
ii. डेंगू रोगियों के नैदानिक प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय दिशानिर्देश सभी अस्पतालों में परिचालन हेतु राज्यों को भेज दिए गए हैं।
iii. डेंगू के निदान को सुकर बनाने के लिए राज्यों को पर्याप्त डेंगू जाँच किटें प्रदान की गई हैं।

(ख) वर्ष 2011 के दौरान 31 अक्तूबर तक देश में 10344 डेंगू रोगियों एवं 87 मौतों की सूचना प्राप्त हुई है।

(ग) वर्ष 2010 के दौरान देश में 28292 डेंगू रोगियों एवं 110 मौतों की सूचना प्राप्त हुई थी।

(घ) डेंगू के संचरण को रोकने के लिए सफाई एवं स्वच्छता के बारे में स्थानीय लोगों को शिक्षित करने हेतु इलेक्ट्रानिक/प्रिंट मीडिया के माध्यम से सूचना, शिक्षा एवं संप्रेषण/व्यवहार परिवर्तन संप्रेषण संबंधी कार्यकलाप शुरू किए जाते हैं।